वशि्व क्षय रोग दविस 2022

प्रलिमि्स के लयि:

क्षय रोग, तपेदकि से नपिटने के प्रयास।

मेन्स के लयि:

वशि्व क्षय रोग दविस, स्वास्थ्य, सरकारी नीतयिों और हस्तक्षेपों के पालन का महत्त्व।

चर्चा में क्यों?

प्रतविर्ष 24 मार्च को वशि्व क्षय रोग (टीबी) दविस इसके वनिाशकारी सामाजकि आर्थकि और स्वास्थ्य परणिामों के बारे में जागरूकता फैलाने तथा वशि्व स्तर पर टीबी महामारी को समाप्त करने के प्रयास करने के लयि मनाया जाता है।

- इससे पहले वर्ष 2021 में बैसलि कैलमेट-गुएरनि (BCG) वैक्सीन के लयि शताब्दी समारोह मनाया गया था, जो वर्तमान में टीबी की रोकथाम हेतु उपलब्ध एकमात्र वैक्सीन है।

वशि्व टीबी दविस और इसका महत्त्व:

- इस दनि 1882 में डॉ. रॉबर्ट कोच ने एक **माइकोबैक्टीरयिम ट्यूबरकुलोसिस** की खोज की घोषणा की जो टीबी का कारण बनता है और उनकी खोज ने इस बीमारी के नदिान और इलाज का रास्ता खोल दयिा।
- आज भी टीबी दुनयिा के सबसे घातक संक्रामक रोगों में से एक है। वशि्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर दनि 4100 से अधकि लोग टीबी से अपनी जान गँवाते हैं और लगभग 28,000 लोग इस बीमारी से ग्रसति होते हैं। एक दशक से अधकि समय में पहली बार 2020 में टीबी से होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है।
  - डब्ल्यूएचओ के अनुसार, वर्ष 2020 में लगभग 9,900,000 लोग टीबी के कारण बीमार पड़ गए और लगभग 1,500,000 लोगों की मृत्यु हो गई। वर्ष 2000 से टीबी को समाप्त करने के लयि वशि्व स्तर पर कयि गए प्रयासों से 66,000,000 लोगों की जान बचाई गई है।
  - दुनयिा भर में कुल टीबी मामलों में भारत का हस्सिा लगभग 26% है।
- इसलयि वशि्व टीबी दविस दुनयिा भर के लोगों को टीबी रोग और उसके प्रभाव के बारे में शक्षिति करने के लयि मनाया जाता है।

वशि्व टीबी दविस 2022 की थीम

- इस वर्ष की थीम है- "**इन्वेस्ट टू एंड टीबी. सेव लाइव्स।**"
- यह वषिय तपेदकि (टीबी) के खलिाफ लड़ाई में तेज़ी लाने और तपेदकि को समाप्त करने हेतु दुनयिा भर के नेताओं द्वारा की गई प्रतबिद्धताओं को पूरा करने के लयि संसाधनों के नविेश की आवश्यकता पर ज़ोर देता है।

टीबी से नपिटने हेतु पहल

- **वैश्वकि प्रयास:**
  - वशि्व स्वास्थ्य संगठन ने ग्लोबल फंड और स्टॉप टीबी पार्टनरशपि के साथ एक संयुक्त पहल "फाइंड. ट्रीट. ऑल. #EndTB" की शुरुआत की है।
  - वशि्व स्वास्थ्य संगठन 'ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रपिोर्ट' भी जारी करता है।
- **भारत के प्रयास:**
  - क्षय रोग उन्मूलन हेतु राष्ट्रीय रणनीतकि योजना (2017-2025), नक्षिय पारस्थितिकिी तंत्र (राष्ट्रीय टीबी सूचना प्रणाली), नक्षिय पोषण योजना (NPY- वत्तिीय सहायता), 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा अभयिान'।
  - वर्तमान में, टीबी के लयि दो टीके- VPM (वैक्सीन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट) 1002 और MIP (माइकोबैक्टीरयिम इंडकिस प्रणी) वकिसति कयि

गए हैं और यह चरण-3 नैदानिक परीक्षण के तहत हैं।

'क्षय रोग' (TB)

- **परिचय:**
  - टीबी या क्षय रोग '**माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस**' नामक जीवाणु के कारण होता है, जो कि लगभग 200 सदस्यों वाले 'माइकोबैक्टीरियासी परिवार' से संबंधित है।
    - कुछ माइकोबैक्टीरिया मनुष्यों में टीबी और कुष्ठ रोग का कारण बनते हैं तथा अन्य काफी व्यापक स्तर पर जानवरों को संक्रमित करते हैं।
  - टीबी, मनुष्यों में सबसे अधिक फेफड़ों (पल्मोनरी टीबी) को प्रभावित करता है, लेकिन यह अन्य अंगों (एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी) को भी प्रभावित कर सकता है।
  - टीबी एक बहुत ही प्राचीन रोग है और मिस्र में तकरीबन 3000 ईसा पूर्व में इसके अस्तित्व में होने का दस्तावेज़ीकरण किया गया था। टीबी एक इलाज योग्य रोग है।
- **ट्रांसमिशन**
  - टीबी रोग **हवा के माध्यम** से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। जब 'पल्मोनरी टीबी' से पीड़ित कोई व्यक्ति खाँसता, छींकता या थूकता है, तो वह टीबी के कीटाणुओं को हवा में फैला देता है।
- **लक्षण**
  - '**पल्मोनरी टीबी**' के सामान्य लक्षणों में बलगम के साथ खाँसी और कई बार खून आना, सीने में दर्द, कमज़ोरी, वज़न कम होना, बुखार और रात को पसीना आना शामिल है।

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा,विगत वर्षों के प्रश्न (PYQ)

'डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (मेडिसिन सैंस फ्रंटियर्स)' जो प्रायः समाचारों में आया है: 2016

(a) विश्व स्वास्थ्य संगठन का एक प्रभाग
(b) एक गैर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन
(c) यूरोपीय संघ द्वारा प्रायोजित एक अंतःसरकारी एजेंसी
(d) संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी

उत्तर: (b)

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-tuberculosis-day-2022